**BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL**

**PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI**

**ORIGINAL APPLICATION NO. 1096 OF 2024**

**IN THE MATTER OF:**

Chandra Shekhar Gupta .......... Applicant

**Versus**

State of Uttar Pradesh & Ors. .........Respondent(s)

**INDEX**


| Sr. No. | Particulars | Page No. |
|---|---|---|
| **1.** | **Reply Affidavit on behalf of Meerut Development Authority** i.e, Respondent No. 3 in compliance to Hon'ble NGT, PB order dated 30.09.2024, in OA No. 1096/2024. | 1-14 |
| **2.** | **Annexure- 1** Copy of Show Cause Notice by Meerut Development Authority dated 27.12.2019. | 15-18 |
| **3.** | **Annexure- 2** Copy of Follow up notices by Meerut Development Authority dated 08.01.2020. | 19-20 |
| **4.** | **Annexure- 3** Copy of Demolition orders by Meerut Development Authority dated 04.11.2020. | 21 |
| **5.** | **Annexure-4** Copy of Order dated 07.04.2021 by Commissioner, Meerut Division. | 22-23 |
| **6.** | **Annexure-5** Copy of Rejection Letter by Meerut Development Authority for regularization of unauthorized construction dated 07.02.2022. | 24 |
| **7.** | **Annexure-6** Copy of fresh Demolition orders by Meerut Development Authority after rejection of regularization application | 25 |

| | | |
|---|---|---|
| | for unauthorized construction dated 15.3.2022 | |
| **8.** | **Annexure-7** Copy order of Hon'ble Allahabad High Court in Writ – C- No. 9629 of 2022 dated 11.04.2022. | 26-27 |
| **9.** | **Annexure-8** Copy of Order dated 02.05.2022 by Commissioner, Meerut Division. | 28-29 |
| **10.** | **Annexure-9** Copy order of Hon'ble Allahabad High Court in Writ – C- No. 16269 of 2022 dated 11.04.2022. | 30 |
| **11.** | **Annexure-10** Copy of Revision order by Special Secretary, Department of Housing and Urban Planning dated 24.05.2023. | 31-35 |
| **12.** | **Annexure-11** Copy order of Hon'ble Allahabad High Court in Writ – C- No. 20295 of 2022 dated 16.06.2023. | 36-43 |
| **13.** | **Annexure-12** Copy of fresh Demolition orders by Meerut Development Authority dated 19.09.2024. | 44-45 |
| **14.** | **Annexure-13** Copy of Geo tagged pictures from the demolition action at Jagannath Puri by Meerut Development Authority dated 04.01.2025. | 46-49 |
| **15.** | **Annexure- 14** Copy of Geo tagged pictures of Park at Mangatpuri Colony, Meerut dated 04.01.2025. | 50-57 |
| **16.** | **Annexure-13** Vakalatnama | 58 |


**Place: New Delhi**
**Dated: 31.12.2024**

**Filed by**

Srinivas Vishven


**Adv. Srinivas Vishven**
**J-29, First Floor,**
**Jangpura Extension,**
**New Delhi-110048**
**+91 9415149959**
**srinivas@svlawchambers.in**


**(On behalf of Meerut Development Authority)**

NOTARY
Rohitash Singh Goley
MEERUT (U.P.)
Reg. No.-8521
GOVT. OF INDIA

**BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL**

**PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI**

**ORIGINAL APPLICATION NO. 1096 OF 2024**

**IN THE MATTER OF:**

**Chandra Shekhar Gupta** ... Applicant

**Vs.**

**State of Uttar Pradesh & Ors.** ...Respondents

**<u>ACTION TAKEN REPORT ON BEHALF OF</u>**

**<u>MEERUT DEVELOPMENT AUTHORITY</u>**

**MOST RESPECTFULLY SHEWETH:**

I, Abhishek Pandey S/o Shri Ramesh Chandra Pandey, aged about 33 Years, presently holding the post of Vice Chairman, Meerut Development Authority, having my office at Meerut Development Authority, Meerut, Uttar Pradesh Meerut Development Authority, Meerut, the deponent, do hereby solemnly affirm and state as under:

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

## 1. PRELIMINARY SUBMISSIONS

1.1 That the deponent is the Vice Chairman of the Meerut Development Authority (hereinafter referred to as the "**MDA**"), a statutory body constituted under the provisions of the **Uttar Pradesh Urban Planning and Development Act, 1973** (hereinafter referred to as the "Act of 1973").

1.2 That the Deponent is well conversant with the facts and circumstances of this instant case and is competent to file the present affidavit on behalf of the answering Respondent.

1.3 That the deponent has read and understood the contents of the present Affidavit. The averments made in the Original Application which are not specifically admitted hereunder must be considered to have been denied by the Deponent.

1.4 That it is respectfully submitted that this Affidavit is being filed in compliance with the directions issued by this Hon'ble Tribunal in its order dated **30.09.2024**, wherein the MDA was directed to scrutinize allegations of encroachment on two public

NOTARY
Rohitash Singh Goley
MEERUT (U.P.)
Reg. No.-8521
GOVT. OF INDIA

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ.

parks and implement necessary remedial actions to address any violations.

1.5 That the answering Respondent holds the Hon'ble Tribunal's directions in the highest regard and is duty-bound to fulfil its statutory obligations in accordance with law.

1.6 That the parks under consideration are:

- **Public Park in Jagannath Puri**, situated behind Bahadur Motor Transport Nagar, Meerut, Uttar Pradesh. (hereinafter referred to as "**Park 1**")
- **Public Park in Mangatpuram Colony**, located behind Gopal Gaushala, Delhi Road, Meerut, Uttar Pradesh. (hereinafter referred to as "**Park 2**")

1.7 That this report outlines the measures taken by the MDA to comply with the directives of this Hon'ble Tribunal, including detailed site investigations, legal actions, and a comprehensive plan for restoration and monitoring of the affected public spaces.

NOTARY
Rohitash Singh Goley
MEERUT (U.P.)
Reg. No.-8521
GOVT. OF INDIA

1.8 That Public parks are essential for maintaining ecological balance, providing recreational opportunities, and enhancing the quality of urban life. This report highlights the significance of protecting

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

such spaces, while affirming the MDA's commitment to uphold its statutory obligations under the **Act of 1973**.

1.9. That MDA reiterates its resolve to ensure the preservation of urban green spaces, which are indispensable for maintaining environmental sustainability and enhancing the quality of life of residents.

## 2. ROLE OF MDA

2.1. That the MDA is a statutory body established under the Act of 1973, tasked with ensuring systematic and sustainable urban growth, regulating land use, and protecting public lands, including parks and green belts.

2.2. That Public parks are integral to urban ecosystems, serving critical roles in maintaining ecological balance, providing recreational opportunities, and mitigating the adverse impacts of urbanization. The successive Master Plan prepared by the MDA for Meerut earmarks specific lands for public park use, strictly prohibiting encroachments or unauthorized constructions.

NOTARY Rohitash Singh Goley MEERUT (U.P.) Reg. No. 8521 GOVT. OF INDIA

उपाध्यक्ष मेरठ विकास प्राधिकरण मेरठ

2.3. That encroachments on such designated lands constitute violations of zoning laws, contraventions of the Master Plan, and breaches of the statutory mandate under the Act of 1973. Such violations undermine urban planning objectives and adversely affect the public interest.

2.4. That in this instant case, allegations were raised regarding encroachments on two public parks. The MDA was directed to scrutinize the allegations in the instant case, ensure compliance with zoning regulations, and take remedial measures as required by law.

## 3. DETAILS OF THE PARKS

3.1. **Jagannath Puri Public Park ("Park 1"):**

- **Location:** Plot No. 03, Khasra Nos. 1938/1, 1938/2, 1934/1, and 1931/1, as per Regularized Map.
- **Zoning:** Reserved exclusively for public park use under the successive Master Plan for Meerut.
- **Findings:** Unauthorized constructions were identified on the designated park area, in violation of zoning regulations and approved land use norms.

NOTARY Rohitash Singh Goley MEERUT (U.P.) Reg. No. 8521 GOVT. OF INDIA

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

### 3.2. **Mangatpuram Colony Public Park ("Park 2"):**

- **Location:** Near Gopal Gaushala, Delhi Road, Meerut.
- **Zoning:** Reserved as park under Map No. 146 dated **02.05.1989**.
- **Findings:** Allegations of encroachment were raised, which were subsequently found to be unsubstantiated upon detailed verification.

## 4. TIMELINE OF ACTIONS BY MDA

I. **December 27, 2019**: MDA issued show-cause notices under Sections 26, 27, and 28 of the Uttar Pradesh Urban Planning and Development Act, 1973, directing cessation of construction and seeking explanations from the respondents. Simultaneously, a notice was issued to the Station Officer, TP Nagar, Meerut, to ensure compliance. (**Annexure-1**)

II. **January 8, 2020, and October 9, 2020**: Follow-up letters issued by MDA sought submission of approved building plans and relevant documents. No compliance was ensured by the respondents. (**Annexure-2**)

NOTARY
Rohitash Singh Goley
MEERUT (U.P.)
Reg. No.-8521
GOVT. OF INDIA

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

III. **November 4, 2020**: Demolition orders were issued under Section 27(1) of the Act, mandating removal of unauthorized constructions. (**Annexure-3**)

IV. **December 30, 2020**: Respondents filed an appeal before the Commissioner, Meerut Mandal. On April 7, 2021, the Commissioner partially allowed the appeal, directing MDA to consider a regularization application. (**Annexure-4**)

V. **February 7, 2022**: MDA rejected the regularization proposal as it contravened the land's designation as public parkland. A final rejection letter was issued on February 7, 2022. (**Annexure-5**)

VI. **March 15, 2022**: Fresh demolition orders were issued following the rejection of the regularization application. (**Annexure-6**)

VII. **March 28, 2022**: MDA requested police assistance for enforcement. However, respondents filed Writ Petition No. 9629/2022 before the Hon'ble Allahabad High Court, resulting in a stay. (**Annexure-7**)

NOTARY
Rohitash Singh Goley
MEERUT (U.P.)
Reg. No. 8521
GOVT. OF INDIA

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

VIII. **May 2, 2022**: The Commissioner dismissed the appeal, reaffirming the illegality of the construction. (**Annexure-8**)

IX. **July 5, 2022**: The Hon'ble Allahabad High Court dismissed Writ Petition No. 16269/2022, permitting MDA to proceed with demolition. (**Annexure-9**)

X. **August 24, 2022**: MDA scheduled demolition; however, legal revisions filed by respondents under Section 41(3) of the Act delayed the process. The revision was resolved on May 29, 2023. (**Annexure-10**)

XI. **June 16, 2023**: Fresh directions from the High Court allowed MDA to proceed with demolition. Notices were reissued in July 2023. (**Annexure-11**)

XII. **September 19, 2024**: Final demolition orders were issued. Demolition was scheduled for January 4, 2025. (**Annexure-12**)

XIII. **January 4, 2025**: Demolition of unauthorized structures was successfully executed with police support. (**Annexure-13**)

NOTARY Rohitash Singh Goley MEERUT (U.P.) Reg. No.-8521 GOVT. OF INDIA

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

## 5. ACTIONS TAKEN BY MDA

### 5.1. Park 1

#### 5.1.1. Inspection and Findings:

- Complaints were received regarding unauthorized constructions on the designated park area.
- Inspections and scrutiny conducted by MDA confirmed violations of the Master Plan and unauthorized land use.

#### 5.1.2. Legal and Administrative Measures:

- **Show-Cause Notices:** On **December 27, 2019**, notices were issued under Sections 26, 27, and 28 of **the Act of 1973,** directing cessation of construction and seeking explanations. **(Annexure-1)**
- **Demolition Orders:** On **November 4, 2020**, demolition orders were issued under Section 27(1), mandating the removal of unauthorized structures. **(Annexure-3)**

#### 5.1.3. Rejection of Regularization Proposal:

- Respondents filed appeals before the Commissioner, Meerut Mandal, seeking relief. The MDA, after detailed examination, rejected the regularization application

NOTARY
Rohitash Singh Gaday
MEERUT (U.P.)
Reg. No.-8521
GOVT. OF INDIA

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

on **January 31, 2022**, citing gross violations of zoning regulations. **(Annexure-6)**

5.1.4. **Execution of Demolition:**

- On **January 4, 2025**, the MDA, with the assistance of law enforcement agencies, executed the demolition of all unauthorized constructions encroaching Park 1. Geo tagged pictures from the demolition of encroachment at Park 1 is annexed herewith as **Annexure-13.**

5.1.5. That this decisive action reaffirms the MDA's commitment to ensuring compliance with urban planning norms and restoring public spaces for community use.

**5.2. Park 2**

5.2.1. **Verification of Allegations:**

- That a detailed review of the layout plan approved under Map No. 146 dated **02.05.1989** was conducted.
- That the scrutiny confirmed that the park remains intact and is free from any encroachments. **(Annexure-14)**

5.2.2. **Compliance Report:**

NOTARY
Rohitash Singh Gotey
MEERUT (U.P.)
Reg. No. 8521
GOVT. OF INDIA

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

- That MDA submits that there are no unauthorized constructions on Park 2 and the park continues to serve its designated purpose.

5.2.3. **Monitoring Mechanism:**

- To ensure the continued protection of the Mangatpuram Colony public park, the MDA has devised a comprehensive monitoring mechanism. This includes periodic inspections by MDA officials and deployment of dedicated staff to oversee adherence to zoning norms.
- The MDA will also engage with local residents and community groups to act as informants for any future violations. A grievance redressal system will be established by MDA to promptly address complaints related to any future potential encroachments.
- The monitoring framework will integrate geospatial mapping tools to maintain a digital record of the park's boundaries and detect unauthorized changes in real time. This proactive approach is aimed at pre-empting any future encroachments and ensuring the park's long-term preservation.

NOTARY Rohitash Singh Goley MEERUT (U.P.) Reg. No.-8521 GOVT. OF INDIA

**6. RESTORATION PLAN**

उपाध्यक्ष मेरठ विकास प्राधिकरण मेरठ

6.1. **For Park 1:**

6.1.1. That a detailed restoration plan will be initiated shortly by MDA to reinstate the park's ecological and recreational value. The key components of which will include:

- **Rehabilitation of Green Spaces:** Planting native trees and shrubs to restore biodiversity and ecological balance.
- **Recreational Infrastructure:** Development of jogging tracks, open lawns, children's play areas, and community spaces.
- **Eco-Friendly Installations:** Implementation of solar-powered lighting, rainwater harvesting systems, and segregated waste management facilities.

6.1.2. **Community Engagement:**

- Local residents and community groups would be actively involved to ensure effective utilization and long-term maintenance of the park.

6.1.3. The restoration process is expected to be completed within six months, subject to resource availability and MDA is committed to preserving the park in future.

NOTARY
Rohitash Singh Golay
MEERUT (U.P.)
Reg. No. 8521
GOVT. OF INDIA

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

6.2. **For Park 2:**

- Periodic monitoring will be conducted by MDA to ensure the park remains encroachment-free and continues serving its intended purpose.

**PRAYER**

In view of the foregoing, the Meerut Development Authority respectfully prays that this Hon'ble Tribunal may:

1. Take on record this report outlining the actions taken and compliance measures implemented by the MDA.

2. Pass such other orders as may be deemed fit and proper in the interest of justice, equity, and environmental conservation.

NOTARY
Rohitash Singh Goley
MEERUT (U.P.)
Reg. No. 8521
GOVT. OF INDIA

DATE: January 6, 2025

PLACE: Meerut

**DEPONENT**
उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

## VERIFICATION

Verified at Meerut on this 6th day of January,2025 that the contents of the above Affidavit are true and correct to the best of my knowledge, belief and based on official records. No part of it is false and nothing material has been concealed therefrom.

DEPONENT

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

NOTARY
Rohitash Singh Goley
MEERUT (U.P.)
Reg. No.-8521
GOVT. OF INDIA

ATTESTED
NOTARY
06-01-25



उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

Annexure-1



चालान संख्या 4763 बुक संख्या 191

(5)

(1)

# उ०प्र० नगर नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 (यथा संशोधित) की धारा 26,26 (क), 27 व 28 में अपेक्षित कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन

27-12-19

पत्रांक 81/19 /कम्प्यूटर कोड ................ /2018 दिनांक ................

जोन C सेक्टर 4 रिपोर्ट सं० ................ दिनांक ................

(1) प्रतिवेदक का नाम एवं पद का नाम एस.के. गुप्ता (अवर अभियन्ता)

(2) निरीक्षण का दिनांक 20.12.2019

(3) अनाधिकृत निर्माणकर्ता का नाम व पूरा पता श्री राहुल धाबड़ा, व श्री लक्ष्मण दास धाबड़ा व श्री वरुण पुत्र श्री लक्ष्मण दास धाबड़ा नि० प्राईवेट न० 03 खसरा न० 1938/1, 1938/2, 1934/1 नि० व 1931/1 कोटला मेरठ जगन्नाथ पुरी मेरठ

(4) अनधिकृत निर्माण का स्वरूप

(क) महायोजना, परिक्षेत्रीय योजना अथवा तलपट योजना का उल्लंघन

(ख) सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना निर्माण — बिना अनुमति के निर्माण कार्य जारी

(ग) विकास कार्य अनुमति में दी गई शर्तों का उल्लंघन

(घ) महायोजना, क्षेत्रीय परियोजना के विरूद्ध भूमि या भवन का उपयोग — आवासीय

(5) अनधिकृत निर्माण स्थल का विवरण — प्राईवेट न० 03 खसरा न० 1938/1, 1931/1 कोटला मेरठ जगन्नाथ पुरी मेरठ

(क) स्थल का खसरा नं०/भूखण्ड सं०/भवन सं० एवं चौहदी तथा (स्थल का चित्र पीछे दिया है)

(ख) भूखण्ड का क्षेत्रफल (वास्तविक अथवा अनुमानित) — 143.90 वर्गमी

(ग) आच्छादित क्षेत्रफल (वास्तविक अथवा अनुमानित) — लगभग 125.00 वर्गमी

(घ) भूमि/भवन का निर्धारित उपयोग- आवासीय/व्यवसायिक/औद्योगिक/संस्थागत/अन्य — आवासीय

(ङ) भूमि/भवन का वर्तमान उपयोग — आवासीय (व्यवसायिक)

(6) अनधिकृत निर्माण/विकास कार्य का विवरण -

(क) तल — भूतल

(ख) जीर्णोद्वार/महत्वपूर्ण परिवर्तन/नवीन निर्माण — नवीन निर्माण

(ग) सैट बैक में किये गये अतिक्रमण का विवरण — प्रभावित

(अ) फ्रन्ट सैट बैक (अग्रभाग) — -

(ब) साइड सैट बैक (पार्श्व भाग) — प्रभावित

(स) रियर सैट बैक (पृष्ट भाग)

(घ) बने हुए भवन में कक्षों का विवरण — स्थल पर 15 आर.सी.सी. के कॉलम खड़े करके चिनाई का निर्माण कार्य जारी है।

(ङ.) निरीक्षण के समय निर्माण / विकास कार्य की स्थिति — स्थल पर चिनाई का निर्माण कार्य जारी है

(च) अन्य विवरण — स्थल पर कोई स्वीकृति नहीं दिखायी गयी है

(छ) निर्माण / विकास कार्य अनुमानतः कब प्रारम्भ हुआ था — लगभग 15 दिन पूर्व

(7) प्रतिवेदक की संस्तुति : धारा 26, 27, 28(1)(iii) के अन्तर्गत कार्यवाही प्रस्तावित है।

20.12.19

प्रतिवेदक

(8) प्रभारी अधिकारी की संस्तुति

प्रभारी अधिकारी

(9) सक्षम अधिकारी के आदेश : धारा 26, 26 (क), 27 व 28 के अन्तर्गत कार्यवाही की जावे।

जोनल अधिकारी

विकास प्राधिकरण, मेरठ

नोट :- प्रतिवेदन/प्रभारी अधिकारी/जोन अधिकारी हस्ताक्षर के साथ-साथ नाम पद लिखी रबड स्टाम्प भी लगाये।

प्रति:- नाजिर को अभिलिखित/संचित करने हेतु

9

# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ

81/19

## कारण बताओ नोटिस

27-12-19

प्रकरण सं0 81/19 भ0नि0अनु0 0 दिनांक: 20/12/2019 जोन सं0 C
सेक्टर 4 थाना क्षेत्र: टी० पी० नगर श्री/श्रीमती/कु0 राहुल छाबड़ा व् श्री वरुणपुत्र/पत्नी/पुत्री श्री : श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा
पता: निवासी प्राइवेट न० 03 खसरा सं० 1938 /1 , 1934 /1 मि० व् 1931 /1 जगन्नथपुरी मेरठ

### नोटिस अन्तर्गत धारा 26 (क)(4) 27(1) उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 यथा संशोधित

मेरठ विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय अवर अभियन्ता की रिपोर्ट दिनांक20/12/2019 (दिनांक शब्दों में बीस दिसम्बर दो हजार उनीस) के द्वारा यह अवगत कराया गया है कि आपने मेरठ विकास प्राधिकरण क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना/अनुमति में दी गई शर्तों का उल्लंघन करके/सार्वजनिक/प्राधिकरण/नगर निगम की भूमि पर अतिक्रमण करके निम्नलिखित स्थान पर जिसका विवरण नीचे दिया है, निम्नानुसार अनाधिकृत निर्माण/विकास कार्य कर लिया है तथा आगे भी कार्य निरन्तर जारी है।

स्थल का नाम व पता जहाँ अनाधिकृत निर्माण/विकास कार्य किया गया लगभग 125 .0० वर्ग मी०

इसके अतिरिक्त भी स्थल पर अनाधिकृत निर्माण/विकास कार्य निरन्तर किया जा रहा है।

आपसे एतद् द्वारा अपेक्षा की जाती है कि आप दिनांक06/01/2020 (दिनांक शब्दों में छह जनवरी दो हजार बीस ) तक कारण बताये कि क्यो न उपर्युक्त अनाधिकृत निर्माण को गिराने के आदेश पारित कर दिये जायें यदि उपरोक्त के सम्बन्ध में आपकों व्यक्तिगत रूप से सुनवाई का अवसर प्राप्त करना है तो आप दिनांक 06/01/2020 (दिनांक शब्दों में छह जनवरी दो हजार बीस ) को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित हो।

यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि चूंकि आपके द्वारा अनाधिकृत निर्माण किया जा रहा है अतः उपरोक्त उल्लिखित निर्माण के अतिरिक्ति जो भी अनाधिकृत निर्माण स्थल पर पाया जाएगा वह सभी इस नोटिस में शामिल माना जाएगा।

आपका ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 26(1) धारा 26(क) की और आकृष्ट किया जाता है जिसको अन्तर्गत यह प्राविधान है कि ऐसे अनाधिकृत निर्माण/विकास कार्य करने के कारण आपके विरूद्ध सक्षम फौजदारी न्यायालय में वाद योजित किया जा सकता है और दोषी पाये जाने पर रू0 50,000/- तक का अर्थदण्ड और अनाधिकृत निर्माण/विकास कार्य जारी रहने की दशा में रू0 2500/- प्रतिदिन की दर से निर्माण/विकास कार्य जारी रहने की तिथि तक अतिरिक्त अर्थ दण्ड किया जा सकता है एवं धारा 26 (क) के अन्तर्गत एक वर्ष का सामान्य घरावास तथा रूपये 20,000/- तक का अर्थ दण्ड दिया जा सकता है साथ ही उक्त निर्माण स्थल पर पाये जाने वाली सम्पत्ति को अधिनियम की धारा 28 (क)(1) के अन्तर्गत उक्त निर्माण स्थल को सील भी किया जा सकता है।

### अनाधिकृत निर्माण/विकास कार्य का विवरण:-

(1) तल भूतल
(2) जीणोद्वार/महत्वपूर्ण परिवर्तन/नवीन निर्माण नवीन निर्माण
(3) सैट बैक में किये गये अतिक्रमण का विवरण na
(अ) फ्रन्ट सैट बैक (अग्रभाग) प्रभावित
(ब) साइड सैट बैक (पार्श्व भाग) ०
(स) पिछला सैट बैक (पृष्ठ भाग) प्रभावित
(4) भवन उपयोग (आवासीय/व्यवसायिक/औधोगिक/संस्थागत/अन्य) व्यावसायिक /आवासीय
(5) भूखण्ड का क्षेत्रफल लगभग 143 .9 ० वर्ग मी०
(6) अनाधिकृत निर्माण का क्षेत्रफल
(7) बने हुए भवन के कक्षो का विवरण स्थल पर 15 R C C के कॉलम खड़े करके चिनाई का निर्माण कार्य जारी
(8) निरीक्षण के समय निर्माण की अवस्था स्थल पर चिनाई का निर्माण कार्य जारी
(9) अन्य विवरण स्थल पर कोई स्वीकर्ति नहीं दिखाई गई

अधिकृत अधिकारी
प्रर्वतन अनुभाग जोन- C
मेरठ विकास प्राधिकरण,मेरठ।

mdameerut.in/ViewShowcausenotice.aspx?PRId=2603

(10)

# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ

## उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम की धारा 28(1) के

## 81/19 अन्तर्गत अनधिकृत निर्माण/विकास कार्य रोको आदेश 27-12-19

जोन C सेक्टर 4 प्रकरण सं0 81/19 थाना क्षेत्र टी० पी० नगर

श्री/श्रीमती/कु0 राहुल छाबड़ा व् श्री वरुण पुत्र श्री श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा पुत्र/पत्नी/पुत्री श्री पुत्र श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा

पता निवासी प्राइवेट न० 03 खसरा सं० 1938 /1 , 1934 /1 मि० व् 1931 /1 जगन्नथपुरी मेरठ

खण्डीय अवर अभियन्ता की रिपोर्ट दिनांक 20/12/2019 के द्वारा चूँकि मुझे यह अवगत कराया गया है कि आपने मेरठ विकास प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में निम्नलिखित स्थान पर जिसका विवरण स्थल का नाम जहाँ अनधिकृत निर्माण/विकास कार्य किया गया प्राइवेट न० 03 खसरा सं० 1938 /1 , 1934 /1 मि० व् 1931 /1 जगन्नथपुरी मेरठ

अनधिकृत निर्माण/विकास कार्य का विवरण

(1) तल: भूतल
(2) जीर्णोद्वार/महत्त्वपूर्ण परिवर्तन/नवीन निर्माण: नवीन निर्माण
(3) सैट. बैक में किये गये अतिक्रमण का विवरण: ०
(क) फ्रन्ट सैट बैक (अग्र भाग): प्रभावित
(ख) साइड सैट बैंक (पार्श्व भाग):०
(ग) रियर सैट बैक (पृष्ठ भाग): प्रभावित
(4) अनुमन्य भू-उपयोग :आवासीय / व्यवसायिक
(5) स्थल पर भू-उपयोग :आवासीय / व्यवसायिक
(6) भूस्वामित्व (सार्वजनिक/सरकारी/नगर विकास/प्राधिकरण/निजी/अन्य): na
(7) भूखण्ड का क्षेत्रफल : लगभग 143 .90 वर्ग मीटर
(8) अनधिकृत निर्माण का क्षेत्रफल: लगभग 125 .90 वर्ग मीटर
(9) बने हुए भवन में कक्षों का विवरण: स्थल पर 15 R C C के कॉलम खड़े करके चिनाई का निर्माण कार्य जारी
(10) निरीक्षण के समय निर्माण की स्थिति: स्थल पर चिनाई का निर्माण कार्य जारी
(11) अन्य विवरण :स्वीकृत मानचित्र नहीं दिखाया गया

मेरठ महायोजना के प्रविधानों एवं उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 (यथा संशोधित) की धारा 14 के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किये बिना/अनुमति पत्र में दी गई शर्तों का उल्लंघन करके अनधिकृत निर्माण/विकास कार्य आर्मभ कर दिया है तथा कार्य निरन्तर जारी है अतः उक्त अधिनियम की धारा 28(1) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उक्त आपको दिया जाता है कि आप इस आदेश के प्राप्त होने पर तत्काल उपरोक्त उल्लिखित निर्माण कार्य बन्द कर दें यदि आपको उपरोक्त आदेश के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो दिनांक 06/01/2020 तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त आदेश का पुलिस बल की सहायता से अनुपालन कराया जायेगा तथा आपके विरुद्ध धारा 26/27 अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आपने उक्त अनधिकृत निर्माण/विकास कार्य बन्द नहीं किया तो उक्त अधिनियम की धारा 28(2) के अधीन पुलिस बल की सहायता से आपको/आपके सहायकों को तथा श्रमिकों को निर्माण/विकास कार्य स्थल से बलपूर्वक हटाया जा सकता है और स्थल की निगरानी पुलिस अथवा प्राधिकरण के अधिकारियों से कराई जा सकती है। साथ ही साथ अधिनियम की धारा 14 के अन्तर्गत अनुमति प्राप्त किये बिना/अनुमति में दी गई शर्तों का उल्लंघन करके निर्माण/विकास कार्य जारी करने के कारण उक्त अधिनियम की धारा 28(4) के अन्तर्गत अभियोजन किया जा सकता है। जिसमें 200/- रूपये प्रतिदिन की दर से अर्थदण्ड का प्राविधान है। आपका ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 26(1) की ओर आकृष्ट किया जाता है जिसके अन्तर्गत यह प्राविधान है कि ऐसे अधिकृत निर्माण/विकास कार्य करने के कारण आपके विरुद्ध सक्षम फौजदारी न्यायालय में वाद योजित किया जा सकता है। धारा 26 के अन्तर्गत दोषी पाये जाने पर रू० 50000/- तक का अर्थ दण्ड और उक्त अनधिकृत निर्माण जारी रहने की दशा में रू० 2500/- प्रतिदिन की दर से अनधिकृत निर्माण स्थल सील भी किया जा सकता है।

प्रतिलिपिः अवर अभियन्ता को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि निर्माण कार्य रुका है अथवा नहीं के सम्बन्ध में अथवा एक सप्ताह में अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करे।

अधिकृत अधिकारी
अधिकृत अधिकारीप्रवर्तन अनुभाग जोन --C
मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

8

# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ

81/19 27-12-19

पत्रांक: 81/19 /भ0नि0अनु0/0 दिनांक 20/12/2019 सेक्टर नं0-4

प्रेषक,

जोनल अधिकारी, जोन- C
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

सेवा में, थानाध्यक्ष,
टी० पी० नगर मेरठ

विषयः अनाधिकृत नर्माण रूकवाने के सम्बन्ध में।

महोदय

उ0प्र0 नगर नियाजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-14 के अन्तर्गत मेरठ विकास प्रधिकरण मेरठ में बिना स्वीकृति प्राप्त किये/स्वीकृत मानचित्र के विरुद्ध श्री/श्रीमती/मै0 राहुल छाबड़ा व् श्री वरुण पुत्र श्री श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा पुत्र/पत्नी/मै0श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा निवासी निवासी प्राइवेट न० 03 खसरा सं० 1938 /1 , 1934 /1 मि० व् 1931 /1 जगन्नथपुरी मेरठ द्वारा स्थल निवासी प्राइवेट न० 03 खसरा सं० 1938 /1 , 1934 /1 मि० व् 1931 /1 जगन्नथपुरी मेरठ मेरठ पर अनाधिकृत रूप से स्थल पर 15 R C C के कॉलम खड़े करके चिनाई का निर्माण कार्य जारी निर्माण/विकास कार्य किया जा रहा है जिसके विरूध्ध प्राधिकरण द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 27 व 28 के अनुसार प्रकरण संख्या 81/19 के अन्तर्गत कार्य रोको तथा कारण बताओं नोटिस दिये जा चुके है परन्तु अवैध निर्माण निरन्तर जारी है अतः अधिनियम की धारा 28(2) के अन्तर्गत आपसे अनुरोध है कि उक्त अवैध निर्माण को रूकवाने का कष्ट करें।

भवदीय
जोनल अधिकारी,
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ।

प्रतिलिपिः अपर जिलाधिकारी (नगर) मेरठ के सूचनार्ध एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

जोनल अधिकारी,
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ।

Annexure-2

Meerut Development Authority | Dashboard

14

# Meerut Development Authority

# मेरठ विकास प्राधिकरण

पत्रांक 81/19 /प्रवर्तन अनु-/जोन-C दिनांक 08/01/2020

सेवा में,

श्री राहुल छाबड़ा, व् श्री वरुण

पुत्र श्री श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा निवासी प्राइवेट न० 03 खसरा सं० 1938 /1 , 1934 /1 मि० व् 1931 /1 जगन्नथपुरी मेरठ

महोदय,

आपके द्वारा प्राइवेट न० 03 खसरा सं० 1938 /1 , 1934 /1 मि० व् 1931 /1 जगन्नथपुरी मेरठ मेरठ में प्राधिकरण की बिना अनुमति के स्थल पर 15 R C C के कॉलम खड़े करके चिनाई का निर्माण कार्य जारी का निर्माण किया जा रहा है, जिसका प्राधिकरण द्वारा उ०प्र० योजना एवं विकास अधिनियम 1973 (यथा संशोधित) की धारा 26, 27 व 28 के अन्तर्गत चालानी कार्यवाही की जा चुकी है, जिसका चालान सं0 4763 है। आपको उक्त अवैध निर्माण के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया कि दिनांक 06/01/2020 तक लिखित आपत्ति के साथ कोई अधोहंस्ताक्षरी के कार्यलय में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत करें। परन्तु आपके द्वारा कोई लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई है। अतः आपको अन्तिम अवसर दिया जाता है कि दिनांक 16/01/2020 को प्रातः 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि नियत तिथि को आपके द्वारा कोई लिखित सूचना नहीं दी जाती है, तो आपके निर्माण को बिना किसी सूचना के पाधिकरण द्वारा ध्वस्त/सील कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं आपकी होगी। इस पर होने वाला व्यय आपसे भू- राजस्व के बकाये के रूप में वसूल कर लिया जायेगा।

8/1/20

भवदीय,

अधिकृत अधिकारी/जोन

मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

(16)

# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

पत्रांक : 81/19 /प्रवर्तन अनु0/ जोन–सी–/2020 दिनांक : 07/10/20

सेवा में,

श्री राहुल छाबड़ा व श्री वरूण छाबड़ा,
पुत्र श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा
निवासी प्राइवेट न0 03 खसरा सं0 1938/1,
1934/1, मि0 व 1931/1 जगन्नाथपुरी मेरठ।

महोदय

कृपया आपके द्वारा **उपराक्तानुसार** मेरठ में प्राधिकरण की बिना अनुमति के **स्थल पर 15 आर सी सी के कालम खड़े करके चिनाई का निर्माण कार्य जारी का निर्माण किया जा रहा है** जिसका प्राधिकरण द्वारा उ0 प्र0 योजना एवं विकास अधिनियम 1973 (यथा संशोधित) की धारा 26 , 27 व 28 के अन्तर्गत चालानी कार्यवाही की जा चुकी है जिसका **चालान संख्या 81/19** है आपको उक्त अवैध निर्माण के विरूद्व कारण बताओ व कार्य रोको नोटिस निर्गत किया गया कि **दिनांक 06.01.2020 एवं 16.01.2020** तक लिखित आपत्ति के साथ कोई अधोहस्ताक्षरी के कार्यलय में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत करे, परन्तु आपके द्वारा कोई लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत नही की गयी है।

अतः आपको अन्तिम अवसर दिया जाता है कि **दिनांक 19.10.2020** को सांय 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि नियत तिथि को आपके द्वारा कोई लिखित सूचना नहीं दी जाती है तो आपके निर्माण को बिना किसी सूचना के प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त/सील कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मदारी स्वयं आपकी होगी, इस पर होने वाला व्यय आपसे भू–राजस्व के बकाये के रूप में वसूल कर लिया जायेगा।

भवदीय,

9/10/20

जोनल अधिकारी जोन सी
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ।

Annexure – (3)
A1

# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

## ध्वस्तीकरण आदेश

क्षेत्रीय अवर अभियन्ता श्री एस.के.गुप्ता ने अपने प्रतिवेदन दिनांक 27.12.19 में यह आख्या प्रस्तुत की है कि श्री राहुल छाबड़ा पुत्र श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा व श्री वरूण पुत्र श्री लक्ष्मण दास छाबड़ा निवासी प्राईवेट नं0 03 खसरा नं0 1938/1/938/2 1934/1 मि0 व 1931/1 कस्बा मेरठ जगन्नाथपुरी मेरठ के क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण करवा रहे हैं।

उक्त रिपोर्ट के आधार पर विपक्षी अनाधिकृत निर्माणकर्ता पर उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 (यथा संशोधित) की धारा 27 व 28 के अन्तर्गत वाद सं0 81/19 योजित कर कारण बताओ नोटिस एवं कार्य रोको आदेश दिनांक 06.01.2020 को जारी किया गया व सुनावाई हेतु नियत तिथि 16.01.2020 एवं 19.01.2020 को तामिल कराया गया। विपक्षी ने नियत तिथि पर न तो स्वयं न अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर कोई कारण बताओ नोटिस व अन्तिम नोटिस का जवाब दिया और न ही अवैध निर्माण कार्य रोका है।

विपक्षीं द्वारा किये गये अनधिकृत निर्माण से उक्त अधिनियम की धारा 14 का उल्लंघन होता है, जिससे ध्वस्तीकरण आदेश पारित करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है ।

अतः उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 (1) के अन्तर्गत आदेश दिया जाता है कि इस आदेश के प्राप्ति के एक माह (30 दिन) के अन्दर उक्त अनधिकृत निर्माण को हटाकर इस कार्यालय को सूचित कर दें, अन्यथा उक्त अवैध निर्माण को मेरठ विकास प्राधिकरण मेरठ द्वारा निर्धारित अवधि के पश्चात ध्वस्त करा दिया जायेगा और इस पर होने वाला व्यय भू-राजस्व बकाया क रूप में वसूल कर लिया जोयगा ।

जोनल अधिकारी जोन सी
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ ।

पत्रांक : 81/19 /प्रवर्तन खण्ड जोन–सी/20–5 दिनांक : 04/11/20

प्रतिलिपि – उक्त आदेश की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित।

1-- श्री राहुल छाबड़ा पुत्र श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा व श्री वरूण पुत्र श्री लक्ष्मण दास छाबड़ा निवासी प्राईवेट नं0 03 खसरा नं0 1938/1 मि0, 1934/1 मि0 व 1931/1 कस्बा मेरठ जगन्नाथपुरी मेरठ।
2 – जोनल अधिकारी जोन–सी (मे0वि0प्राधि0) मेरठ।
3-- अवर अभियन्ता जोन–सी (मे0वि0प्राधि0) मेरठ।

4/11/20

जोनल अधिकारी जोन सी
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ ।

(32)

Annexure-(4)

मण्डल:- मेरठ
न्यायालय आयुक्त
वाद संख्या:- 01492/2020

राहुल छाबडा व वरूण छाबडा बनाम मेरठ विकास प्राधिकरण

कंप्यूटरीकृत वाद संख्या :-C202011000001492

अंतर्गत धारा:- 27(2),उ0प्र0 शहरी योजना और विकास अधिनियम,1973

आदेश तिथि:- 07/04/2021

अंतिम आदेश

**-निर्णय-**

यह अपील सर्वश्री राहुल छाबडा व वरूण छाबडा पुत्रगण श्री लक्ष्मणदास छाबडा, निवासीगण-39 /3सी, उमेश विहार कॉलोनी, मेरठ की ओर से जोनल अधिकारी, जोन-सी, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ के पत्रांक-81/19/प्रवर्तन खण्ड जोन-सी/20-4 में पारित आदेश दिनांक 04-11-2020 के विरूद्ध विलम्ब से दिनांक 15-12-2020 को योजित की गयी है, जिसमें इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 23-12-2020 के अन्तर्गत विलम्ब के सम्बन्ध में प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा-5 अवधि अधिनियम अर्थदण्ड रू० 500/- पर स्वीकार करते हुये अपील ग्राहय की गयी तथा अपीलार्थीगण को अर्थदण्ड की धनराशि राजकोष में जमा कराकर रसीद प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, परन्तु अपीलार्थीगण की ओर से अर्थदण्ड की धनराशि राजकोष में जमा करने की रसीद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नही की गयी। प्राधिकरण के उक्त आदेश के द्वारा अपीलार्थीगण के अनाधिकृत निर्माण को ध्वंस्त किये जाने के आदेश पारित किये गये है।

पत्रावली में सुनवाई हेतु नियत दिनांक 22-03-2021 को पत्रावली पेश हुई। परन्तु अपीलार्थीगण के अधिवक्ता अनुपस्थित रहे, जिस पर न्यायहित में अपीलार्थीगण के अधिवक्ता को लिखित बहस प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 31-03-2021 तक का समय प्रदान करते हुये आदेश हेतु दिनांक 07-04-2021 नियत की गयी। न्यायालय में उपस्थित विपक्षी/प्राधिकरण के अधिवक्ता के तर्को को सुना गया। प्राधिकरण के अधिवक्ता द्वारा मुख्य रूप से कहा गया कि अपीलार्थीगण द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कर नियमों का उल्लंघन किया गया है, जिस पर शमन की कार्यवाही नही हो सकती। प्राधिकरण द्वारा पर्याप्त अवसर प्रदान करने के उपरान्त् भी अपीलार्थीगण की ओर से प्राधिकरण के समक्ष स्वीकृत मानचित्र अथवा अन्य कोई साक्ष्य प्रस्तुत नही किया गया। उन्होने कहा कि नियमानुसार मानचित्र स्वीकृत नही किया जा सकता। उनके द्वारा अपील निरस्त किये जाने का अनुरोध किया गया।

अपीलार्थीगण की ओर से प्रस्तुत लिखित बहस में प्रश्नगत सम्पत्ति बैनामें के आधार पर क्रय किये जाने का उल्लेख किया गया है कि प्राधिकरण द्वारा आदेश पारित करने से पूर्व कोई नोटिस नही दिया गया तथा अपीलार्थी द्वारा उक्त भूमि बैनामे के द्वारा क्रय की गयी है, जो कि नगर निगम की भूमि नही है। उन्होने कहा कि अपीलार्थी द्वारा शमन मानचित्र विकास प्राधिकरण के समक्ष सशुल्क जमा किया गया है, परन्तु प्राधिकरण द्वारा उसका निस्तारण नही किया गया। उनके द्वारा प्राधिकरण के आदेश को निरस्त कर अपील स्वीकार किये जाने का अनुरोध किया गया है।

प्राधिकरण के अधिवक्ता के तर्को को सुनने तथा अपीलार्थीगण द्वारा प्रस्तुत लिखित बहस एवं अभिलेखों के अवलोकन से विदित होता है कि अपीलार्थीगण द्वारा प्राईवेट नम्बर 03 खसरा संख्या-1938/ 1/938/2, 1934/1मि व 1931/1 कस्बा मेरठ जगन्नाथपुरी, मेरठ में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य किया गया, जिसके सम्बन्ध में क्षेत्रीय अवर अभियन्ता की आख्या के आधार पर प्राधिकरण द्वारा अपीलार्थीगण के विरूद्ध कार्य रोको आदेश दिनांक 06-01-2020 जारी किया गया व सुनवाई हेतु नियत दिनांक 16-01-2020 व 19-01-2020 तामील कराया गया, परन्तु अपीलार्थीगण नियत दिनांक पर न तो प्राधिकरण के समक्ष स्वयं उपस्थित हुये तथा न ही उनकी ओर उनके प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होकर कारण बताओ नोटिस व अन्तिम नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया गया तथा न ही अवैध निर्माण कार्य रोका गया। प्राधिकरण द्वारा अपीलार्थीगण के अनाधिकृत निर्माण को उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 (यथासंशोधित) की धारा-14 का उल्लंघन मानते हुये धारा-27(1) के अन्तर्गत अनाधिकृत निर्माण को 30 दिन की अवधि के अन्दर ध्वस्त किये जाने के आदेश पारित किये गये।

प्राधिकरण के उक्त आदेश के विरूद्ध योजित प्रश्नगत अपील में अपीलार्थीगण द्वारा स्वीकार किया गया है कि निर्माण से पूर्व उसके द्वारा प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत नही कराया गया, साथ ही यह भी उल्लिखित किया गया है कि उसके द्वारा शमन शुल्क के रूप में रू० 30,000.00 का ड्राफ्ट संलग्न कर शमन मानचित्र प्राधिकण के समक्ष पूर्व में प्रस्तुत किया गया, जिसके निस्तारण के सम्बन्ध में अभिलेखों से कोई स्थिति स्पष्ट नही होती हैं। न्यायहित में उचित होगा कि अपीलार्थीगण द्वारा प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किये गये शमन मानचित्र के आधार पर प्राधिकरण स्तर से यह परीक्षण किया जाए कि अपीलार्थी द्वारा किया गया निर्माण नियमानुसार शमन योग्य है अथवा नही। प्राधिकरण स्तर से प्रार्थी के शमन मानचित्र पर दो माह की अवधि के अन्दर नियमानुसार निर्णय पारित किया जाएं।

अतः उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में प्राधिकरण का आक्षेपित आदेश निरस्त किये जाने तथा प्रश्नगत अपील बलहीन होने के कारण आंशिक रूप से स्वीकार किये जाने योग्य है। इस न्यायालय के आदेश दिनांक 23-12-2020 के अनुपालन में अपीलार्थीगण की ओर से अर्थदण्ड की धनराशि राजकोष में जमा करने की रसीद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नही की गयी, जिस कारण अपीलार्थीगण से अर्थदण्ड रू० 500/- की नियमानुसार वसूली हेतु आदेश की सत्यापित प्रति सहित जिलाधिकारी, मेरठ को पत्र प्रेषित किया जाएं।

**आदेश**

अपील आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है। जोनल अधिकारी, जोन-सी, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ के पत्रांक-81/19/प्रवर्तन खण्ड जोन-सी/20-4 में पारित आदेश दिनांक 04-11-2020 निरस्त किया जाता है। उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा प्रश्नगत निर्माण के सम्बन्ध में प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत शमन मानचित्र का उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के सुसंगत प्राविधानों एवं शासनादेशों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर दो माह के अन्दर निस्तारण करें। आदेश की सत्यापित प्रति सहित प्राधिकरण की पत्रावली वापस की जाएं।

इस न्यायालय के आदेश दिनांक 23-12-2020 के अनुपालन में अपीलार्थीगण से अर्थदण्ड रू० 500/- की नियमानुसार वसूली हेतु आदेश की सत्यापित प्रति सहित जिलाधिकारी, मेरठ को पत्र प्रेषित किया जाएं। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त् इस न्यायालय की पत्रावली अभिलेखागार में संचित की जाएं।

दिनांक: 07.04.2021

(सुरेन्द्र सिंह)
आयुक्त,
मेरठ मण्डल, मेरठ।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 07.04.2021 को खुले न्यायालय में हस्ताक्षरित कर उदघोषित किया गया।

(सुरेन्द्र सिंह)
आयुक्त,
मेरठ मण्डल, मेरठ।

सत्य प्रतिलिपि
अधीक्षक
आयुक्त न्यायालय
मेरठ मण्डल मेरठ

Annexure-5

# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

पत्रांक : 61/19/प्रवर्तन खण्ड जोन–सी/22 दिनांक : 07/02/22

सेवा में,

श्री राहुल छाबड़ा व श्री वरूण छाबडा,
पुत्र श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा
निवासी–प्राइवेट नं0 03,
जगन्नाथपुरी, मेरठ।

**विषयः–शमन प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया आपके द्वारा जगन्नाथपुरी में खसरा संख्या 1938/1, 1938/2मि0, 1934/1मि0, एवं 1931/1 पर किये गये निर्माण को शमन करने हेतु अनुरोध किया गया था।

उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि महायोजना एवं ले–आउट के अनुसार आपका निर्माण पार्क की भूमि में निर्मित हैं, इसलिये आपके निर्माण का शमन किया जाना सम्भव नही है। अतः आपका शमन प्रस्ताव निरस्त किया जाता है।

07/02/22
जोनल अधिकारी जोन–सी
मेरठ विकास प्राधिकरणं
मेरठ

O/C
Sakshi Sehgal
19/02/2022

Annexure-6

# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

प्रकरण सं0–81/19 जोन–सी दिनांक 15.3.2022

## ध्वस्तीकरण आदेश

क्षेत्रीय अवर अभियन्ता एस0 के0 गुप्ता ने अपनी प्रतिवेदन/चालानी रिपोर्ट दिंनांक 20.12.2019 में यह आख्या प्रस्तुत की, कि श्री राहुल छावड़ा पुत्र श्री लक्ष्मणदास छावड़ा व श्री वरूण पुत्र श्री लक्ष्मणदास छावड़ा द्वारा प्राइवेट नं0–03, खसरा सं0 1938/1, 1938/2, 1934/1मि0, व 1931/1 जगन्नाथपुरी, मेरठ पर लगभग 143.90 वर्ग मी0 में स्थल पर 15 आर0सी0सी0 के कॉलम खडे करके चिनाई का निर्माण कार्य किया गया है।

उक्त रिपोर्ट के आधार पर विपक्षी निर्माणकर्ता पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम–1973 की धारा–26, 27 व 28 के अन्तर्गत क्रमण:"कारण बताओं" नोटिस एवं "कार्य रोकों" आदेश दिनांक 27.12.2019 व अन्तिम सुनवायी हेतु तिथि दिनांक 19.10.2020 निर्धारित करते हुए जारी किया गया जिसे दिनांक 12.10.2020 को तामिल कराया गया। विपक्षी ने नियत तिथि पर न तो स्वंय न अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर कोई कारण बाताओं नोंटिस व अन्तिम नोटिस का जवाब दिया ओर न ही अवैध निर्माण कार्य को रोका है। विपक्षी द्वारा उक्त किये गये अनाधिकृत निर्माण से उक्त अधिनियम–1973 की धारा–14 का उल्लंघन होता है, जिससे ध्वस्तीकरण आदेश पारित करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है।

अतः आपको उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम–1973 की धारा–27(1) के अन्तर्गत आदेश दिया जाता है कि इस आदेश प्राप्ति के 15 दिन के अन्दर उक्त अनाधिकृत निर्माण को हटाकर इस कार्यालय को सूचित कर दें, अन्यथा उक्त अवैध निर्माण कार्य को मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ द्वारा निर्धारित अवधि के पश्चात् ध्वस्त करा दिया जायेगा और इस पर होने वाला व्यय आपसे भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूल किया जायेगा।

15/03/22

O/C

जोनल अधिकारी जोन–सी,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।

भारतीय डाक
India Post

Annexure-(7)

# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

पत्रांक : 81/19 / प्रवर्तन खण्ड जोन–सी /2022 दिनांक : 28/3/22

प्रेषक,

सचिव
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

सेवा में:

1–जिलाधिकारी,
मेरठ।

2–वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
मेरठ।

**विषयः–स्थल– प्राइवेट नं0–3, खसरा संख्या 1938/1, 1938/2, 1934/1मि0 व 1931/1 जगन्नाथपुरी मेरठ के क्षेत्रान्तर्गत अवैध निर्माण को ध्वस्त किये जाने हेतु मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध मे।**

महोदयः

कृपया उपयुर्क्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मेरठ के क्षेत्रान्तर्गत प्राइवेट नं0–3, खसरा संख्या 1938/1, 1938/2, 1934/1मि0 व 1931/1, जगन्नाथपुरी, मेरठ पर श्री राहुल छाबड़ा पुत्र श्री लक्ष्मणदास छाबड़ा द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किये लगभग 145 वर्ग मी0 स्थल पर 15 आर0सी0सी0 के कॉलम खडे करके चिनाई का निर्माण कार्य किया गया है। जिसके विरूद्व प्राधिकरण द्वारा उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम–1973 (यथा संसोधित) की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी थी। उक्त अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण हेतु दिनांक 31.03.2022 को प्रातः 10:00 बजे का समय निर्धारित किया गया है।

अतः उक्त के क्रम में अनुरोध है कि प्रासंगिक क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण के ध्वस्तीकरण आदेश के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 31.03.2022 को प्रातः 10.00 बजे थाना टी0पी0 नगर, मेरठ में एक मजिस्ट्रेट नामित करते हुये, समुचित पुलिस बल/एक प्लाटून पी0ए0सी, महिला कॉस्टेबल, व फायर टैण्डर व्हीकल उपलब्ध कराने हेतु अधीनस्थ को आदेशित करने का कष्ट करें, जिससे ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शान्तिपूर्ण ढंग से पूर्ण करायी जा सकें।

भवदीय

सचिव,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।

**प्रतिलिपिः–**

1. उपाध्यक्ष महोदय को सादर अवालोकनार्थ।
2. अपर जिलाधिकारी (नगर) मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु एक मजिस्ट्रेट की तैनाती कर अवगत कराने का कष्ट करें।
3. पुलिस अधीक्षक (नगर) को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की ध्वस्तीकरण आदेश के क्रियान्वयन/शांति व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पी0ए0सी0/पुलिस बल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. पुलिस क्षेत्राधिकारी, टी0पी0 नगर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. थानाध्यक्ष टी0पी0 नगर, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
6. समस्त जोनल अधिकारी/समस्त नोडल अधिकारी/समस्त अवर अभियन्ता, समस्त अनुचर/मेट जोन–ए,बी,सी, व डी को मौके पर उपस्थित रहकर कार्यवाही कराने हेतु प्रेषित।
7. नाजिर मेरठ विकास प्राधिकरण को इस निर्देश के साथ कि उक्त तिथि पर प्रातः 10.00 बजे जे0सी0बी0 एवं प्रवर्तन स्टॉफ हेतु 2 वाहन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सचिव,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।

**Court No. - 29**

**Case :-** WRIT - C No. - 9629 of 2022

**Petitioner :-** Rahul Chhabra And Another
**Respondent :-** State Of U P And 4 Others
**Counsel for Petitioner :-** Saurabh Kumar Tiwari,Kamla Prasad Tiwari
**Counsel for Respondent :-** C.S.C.,Pankaj Srivastava,Shiv Prakash Gupta

**Hon'ble Pritinker Diwaker,J.**
**Hon'ble Ashutosh Srivastava,J.**

Sri Tiwari, counsel for the petitioners, Sri J.N. Maurya, counsel for respondent nos. 3 and 4 and Sri Ankit Srivastava, Advocate under the authority of Sri Pankaj Srivastava, counsel for respondent no.5.

Counsel for the petitioner fairly submits that as against the impugned order dated 7.2.2022, an appeal lies under the provisions of the U.P. Urban Planning and Development Act, 1973, the petitioner may be permitted to withdraw the writ petition with liberty to file an appeal. He submits that as the petitioner was pursuing the writ petition in this Court, appeal may not be entertained on merits and may be dismissed on the ground of limitation and, therefore, the appellate authority be directed to decide the appeal on merits, ignoring the point of limitation. He submits that the petitioner wishes to file an interim application along with the appeal. He further submits that demolition threat is also there and, therefore, till the decision on the said interim application, no demolition may take place.

Counsel for the respondents have no objection so far as the prayer with regard to withdrawal of the writ petition and filing of an appeal along with interim application is concerned. They, however, submit that rest of the thing may be left open at the discretion of the appellate authority.

